## अभ्यास पत्रक

## पाठ – तोप

नाम :- ............ कक्षा :- ........... अवधि :- .............. अनुक्रमांक :- ........ प्राप्तांक :- .......

**1. काव्यांश पढ़िए और उत्तर दीजिए – (3 अंक)**

"अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप।"

1. 'यह' शब्द से किसका संकेत है और वह इस समय किस प्रयोजन में आ रही है?

**उत्तर -** ..........................................................................................................................................................................................

2. तोप पर चिड़ियों का गपशप करना किस ओर संकेत करता है?

**उत्तर -** ..........................................................................................................................................................................................

3. कवि ने 'फ़ारिग' शब्द का प्रयोग किस भाव को प्रकट करने के लिए किया है?

**उत्तर -** ..........................................................................................................................................................................................

**2. Assertion-Reason आधारित प्रश्न – (2x1=2 अंक)**

4. **कथन:** तोप अब केवल एक दर्शनीय वस्तु बनकर रह गई है।
   **कारण:** अब यह चिड़ियों और बच्चों के खेलने की जगह बन गई है।
   (क) A: सही, R: सही और R कथन की सही व्याख्या है।
   (ग) A: सही, R: गलत
   (ख) A: सही, R: सही पर R कथन की व्याख्या नहीं है।
   (घ) A: गलत, R: सही
5. **कथन:** तोप शक्ति का प्रतीक है, जो आज भी भय फैलाती है।
   **कारण:** अब भी तोप से वीरों को उड़ाया जा रहा है।
   (क) A: सही, R: सही और R कथन की सही व्याख्या है।
   (ग) A: सही, R: गलत
   (ख) A: सही, R: सही पर R कथन की व्याख्या नहीं है।
   (घ) A: गलत, R: सही

**3. बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) – (5x1=5 अंक)**

6. कविता "तोप" के कवि कौन हैं?
   (क) केदारनाथ सिंह (ख) वीरेन डंगवाल (ग) कुंवर नारायण (घ) अज्ञेय
7. 'तोप' कविता में तोप को कहाँ रखा गया है?
   (क) लालकिला (ख) इंडिया गेट (ग) कंपनी बाग़ (घ) राजघाट
8. 'तोप' किस ऐतिहासिक घटना से संबंधित है?
   (क) 1942 आंदोलन (ख) जलियाँवाला बाग हत्याकांड
   (ग) 1857 की क्रांति (घ) भगत सिंह की फाँसी
9. तोप को साल में कितनी बार चमकाया जाता है?
   (क) एक बार (ख) दो बार (ग) चार बार (घ) कभी नहीं

egyanarchive

10. कविता का अंतिम संदेश क्या है?

(क) शक्ति का डर
(ख) गौरव
(ग) खिलवाड़
(घ) अंततः शक्ति का मुँह बंद होता है

**4. लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 2 अंक, कुल 6 अंक)**

11. तोप विरासत में मिली वस्तु क्यों कही गई है?

**उत्तर -**

12. कविता में चिड़ियों और बच्चों का ज़िक्र क्यों किया गया है?

**उत्तर -**

13. कविता 'तोप' में समय के परिवर्तन को कैसे दर्शाया गया है?

**उत्तर -**

**5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – (4 अंक)** *(उत्तर 100–120 शब्दों में दीजिए)*

14. 'तोप' कविता केवल इतिहास नहीं, बल्कि समय के बदलाव और उसकी सीख को दर्शाती है – स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर -**

**6. निबंधात्मक प्रश्न – (5 अंक)** *(उत्तर 160–180 शब्दों में दीजिए)*

15. "कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, समय उसका मुँह बंद कर ही देता है" – इस कथन की पुष्टि कविता 'तोप' के माध्यम से कीजिए।

**उत्तर -**

egyanarchive

## उत्तर कुंजी

**1.** 'यह' शब्द से तोप का संकेत है। वर्तमान में यह बच्चों की घुड़सवारी और चिड़ियों की बैठने की जगह बन गई है।

**2.** यह तोप की निष्क्रियता और उसकी पूर्व की शक्ति के अंत को दर्शाता है।

**3.** 'फ़ारिग' शब्द से कवि ने व्यंग्यपूर्वक तोप की निष्क्रियता को रेखांकित किया है।

**4.** (क)

**5.** (घ)

**6.** (ख)

**7.** (ग)

**8.** (ग)

**9.** (ख)

**10.** (घ)

**11.** क्योंकि यह तोप 1857 की क्रांति की प्रतीक है और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई वस्तु के रूप में हमें मिली है, इसलिए यह 'विरासत' कहलाती है।

**12.** ये दोनों प्रतीक हैं समय की बदली हुई स्थिति के – पहले जिस तोप से वीरों को मारा गया, आज उसी पर बच्चे खेलते हैं और चिड़ियाँ बैठती हैं।

**13.** पहले यह तोप युद्ध और विनाश का प्रतीक थी, अब यह शांति, स्मृति और मनोरंजन की वस्तु बन गई है – यही समय का परिवर्तन है।

**14.** कविता 'तोप' में कवि वीरेन डंगवाल ने केवल 1857 की एक ऐतिहासिक वस्तु का चित्रण नहीं किया है, बल्कि यह दिखाया है कि समय के साथ कैसे सबसे बड़ी शक्ति भी एक दिन निष्क्रिय हो जाती है। पहले जिस तोप से वीरों को उड़ाया गया, आज वह कंपनी बाग़ में रखी शोपीस है – बच्चे उस पर खेलते हैं और चिड़ियाँ गपशप करती हैं। यह कविता सत्ता, शक्ति और घमंड के विरुद्ध एक व्यंग्य है, जो बताती है कि परिवर्तनशील समय सब पर भारी होता है।

**15.** 'तोप' कविता एक प्रतीकात्मक रचना है जो यह सिखाती है कि चाहे कोई वस्तु या शक्ति कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, उसका भी एक अंत होता है। 1857 की यह तोप, जो पहले वीरों की जान लेती थी, आज कंपनी बाग़ में एक प्रदर्शन की वस्तु बन चुकी है। अब उस पर चिड़ियाँ बैठती हैं, बच्चे सवारी करते हैं – इसका मुँह बंद है। गौरैया जैसे छोटे पक्षी भी इसमें घुसकर खेलते हैं। यह सब इस ओर इशारा करता है कि समय के साथ शक्ति समाप्त होती है, और उसका प्रभाव भी जाता रहता है। यह कविता सत्ता के घमंड पर करारा व्यंग्य है और समय की महत्ता को स्थापित करती है।